नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...................

दिनांक 19.11.2018

## प्रकाशनार्थ

दिनांक 19.11.2018 को महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज में संस्थापक समारोह के अन्तर्गत योगिराज बाबा गंभीर नाथस्मृति कबड्डी प्रतियोगिता (बालक वर्ग) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ रक्षा अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ0 अभिषेक सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ''खेल सभी की शारीरिक क्षमता और कौशल को सुधारने और बनाये रखने में मद्द करता है। यह प्रतिभागियों के लिए मनोरंजन का एक तरीका है। खेल वास्तव मे सभी के लिए महत्वपूर्ण गतिविधि है, विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए क्योंकि यह शरीर को स्वस्थ्य और तंदुरूस्त रखता है। खेल सभी के व्यस्त जीवन में विशेष रूप से विद्यार्थियों के जीवन में महत्पूर्ण भूमिका निभाता है। खेल बहुत ही आवश्यक हैं, क्योंकि खेलों में नियमित रूप से शामिल होने वाले व्यक्ति में यह शारीरिक और मानसिक तंदरूस्ती लाता है।''

इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का निर्णायक मैच महाराणा प्रताप टीम और छात्रपति शिवाजी टीम के बीच खेला गया। जिसमे महाराणा प्रताप टीम ने छात्रपति शिवाजी टीम को 58–48 से पराजित कर विजेता होने का सम्मान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र, श्री आदित्य एवं श्री अरूण साहनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस प्रतियोगिता के सम्मान अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री नंदन शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया। अंत में क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युंजय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री प्रदीप वर्मा, श्री सुबोध मिश्र, डॉ0 राजेश शुक्ल तथा भारी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

**(डॉ0 राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी